# DAY-NULM के तहत जेएनएसी ने शुरू की प्रशिक्षणार्थियों की काउंसिलिंग

**JSLPS के रिसोर्स पर्सन भी दे रहे हैं ALF गठन हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण**

## जेएनएसी कर रहा हैं प्रशिक्षणार्थियों का काउंसिलिंग

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार के निर्देश के आलोक में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के ईएसटी-पी घटक अंतर्गत ट्रेनिंग पार्टनर मेसर्स साई ब्यूटी एंड हेल्थ केयर के साकची सेंटर शाखा में जमशेदपुर अक्षेस तथा साई ब्यूटी कार्यालय के कर्मी जनों द्वारा संयुक्त रुप से प्रशिक्षणार्थियों का जॉइंट काउंसिलिंग किया गया। कोविड-19 के प्रसार को देखते हुए प्रशिक्षण स्थलों को बंद कर दिया गया था। नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश एवं मार्गदर्शन में पुनः जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण स्थलों को शुरू किया जा रहा है। नए छात्रों का काउंसेलिंग कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के रिसोर्स परसंस के द्वारा बिरसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह के स्वयं सहायता समूहों को सोन मंडप, सिदगोडा.में एरिया लेवल फाउंडेशन के गठन हेतु सात दिवसीय सीआरपी ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। ड्राइव के आज छठवें दिन फाउंडेशन अंतर्गत आने वाले स्वयं सहायता समूहों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तक लेखक को विभिन्न पुस्तकों के संचालन पर प्रशिक्षण दिया गया। एरिया लेवल फाउंडेशन के गठन संबंधी ड्राइव में जमशेदपुर अक्षेस के नगर मिशन प्रबंधक सलील तिर्की सामुदायिक संगठनकर्ता अनिता चैधरी, संपूर्णा, आयेशा संबंधित सीआरपी तथा काउंसलिंग कार्य में सामुदायिक संगठनकर्ता गीता कुमारी, सलोनी सामद तथा साई ब्यूटी हेल्थ केयर के सेंटर मैनेजर पल्लवी यादव उपस्थित थे।

## जेएनएसी कर रहा हैं प्रशिक्षणार्थियों का काउंसिलिंग

**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार के निर्देश के आलोक में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के ईएसटी-पी घटक अंतर्गत ट्रेनिंग पार्टनर मेसर्स साई ब्यूटी एंड हेल्थ केयर के साकची सेंटर शाखा में जमशेदपुर अक्षेस तथा साई ब्यूटी कार्यालय के कर्मी जनों द्वारा संयुक्त रुप से प्रशिक्षणार्थियों का जॉइंट काउंसिलिंग किया गया। कोविड-19 के प्रसार को देखते हुए प्रशिक्षण स्थलों को बंद कर दिया गया था। नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश एवं मार्गदर्शन में पुनः जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण स्थलों को शुरू किया जा रहा है। नए छात्रों का काउंसेलिंग कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के रिसोर्स परसंस के द्वारा बिरसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह के स्वयं सहायता समूहों को सोन मंडप, सिदगोडा में एरिया लेवल फाउंडेशन के गठन हेतु सात दिवसीय सीआरपी ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।